प्रेस सूचना ब्यूरो
भारत सरकार
***

केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने चक्रवात ‘वायु’ पर एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की

नई दिल्ली, 11 जून 2019

केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने चक्रवात ‘वायु’ से उत्पन्न स्थिति से निपटने के लिए आज एक उच्चस्तरीय बैठक में संबंधित राज्य और केंद्रीय मंत्रालयों/एजेंसियों की तैयारियों की समीक्षा की।

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने बताया है कि चक्रवात 'वायु' के 13 जून 2019 की सुबह 110-120 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से पोरबंदर और महुवा के बीच वेरावल और दीव क्षेत्र के आसपास गुजरात तट पहुँचने की उम्मीद है। इससे गुजरात के तटीय जिलों में भारी वर्षा और एक से डेढ़ मीटर ऊंचा ज्वार-भाटा आने की संभावना है। इससे कच्छ, द्वारका, पोरबंदर, जूनागढ़, दीव, गिर सोमनाथ, अमरेली और भावनगर जिले के निचले तटीय क्षेत्रों में बाढ़ की संभावना है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग 9 अप्रैल से सभी संबंधित राज्यों को नियमित बुलेटिन जारी कर रहा है।

केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने वरिष्ठ अधिकारियों को लोगों को सुरक्षित रूप से बाहर निकालना और बिजली, दूरसंचार, स्वास्थ्य, पेयजल आदि आवश्यक सेवाओं के रखरखाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्हौंने आपात स्थिति से निपटने के लिये 24 घंटे नियंत्रण कक्ष के कार्य करने का भी निर्देश दिया।

बैठक में केंद्रीय गृह सचिव श्री राजीव गौबा, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सचिव डॉ एम राजीवन सहित भारतीय मौसम विज्ञान विभाग और गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

कैबिनेट सचिव श्री पी के सिन्हा ने राज्य और केंद्रीय एजेंसियों की तैयारियों की समीक्षा के लिए बाद में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन समिति की बैठक भी बुलाई है। इस बैठक में गुजरात के मुख्य सचिव और दीव प्रशासक के सलाहकार भी शामिल होंगे।

गृह मंत्रालय, राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रो और संबंधित केंद्रीय एजेंसियों के साथ निरंतर संपर्क में है। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल ने नावों, पेड़ काटने वालों, दूरसंचार उपकरणों आदि से सुसज्जित 26 दलों को तैनात कर दिया है तथा गुजरात सरकार के अनुरोध पर 10 और दलों को तैयार किया है।

भारतीय तटरक्षक बल, नौसेना, थल सेना और वायु सेना की इकाइयों को भी तैयार रहने को कहा गया है। विमान एवं हेलीकॉप्टर हवाई निगरानी कर रहे हैं।

*****

बी बी / एन.के. / एस एस